प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्यभर में धूमधाम से मनाया जा रहा राजकीय प्रकृति पर्व सरहूल, रांची में आयोजित शोभायात्रा में आदिवासी परंपरा और संस्कृति की दिखी झलक।
- युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ने के लिए आज से नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन, झारखंड से तीन प्रतिभागी होंगे शामिल।
- केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस आज से हो रही लागू, लगभग 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा लाभ।
- तेल विपणन कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में कमी की घोषणा की, नयी दरें आज से लागू।
- मौसम विभाग ने दो और तीन अप्रैल को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश का जताया अनुमान, अधिकतम तापमान में आयेगी गिरावट।

********************

पूरे राज्य में राजकीय प्रकृति पर्व सरहूल धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी रांची में सरहूल की भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसमें विभिन्न आदिवासी समाज के लोग और अन्य संगठनों के लोग हजारों लोग शामिल हो रहे हैं।

शोभायात्रा में आदिवासी संस्कृति और परंपरा की खास झलक देखने को मिल रही है। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को सरहूल की बधाई दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि प्रकृति का यह महापर्व सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रखे।

इधर, खूंटी जिले में सरहुल पर्व को मुंडारी में बाहा परब कहा जाता है। बाहा पर्व सृष्टि की रचना का प्रतीकात्मक रूप है। हमारी खूंटी संवाददाता ने बताया कि जिले में एक सप्ताह तक सरहुल मनाया जाता है।

********************

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय आज से नई दिल्ली में तीन दिवसीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम शुरू कर रहा है। पारंपरिक युवा संसद की तरह, यह आयोजन युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा। इससे शासन और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। देशभर से कुल 108 युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए चुना गया है। झारखंड से आयशा फातिमा, श्वेता कुमारी और रिया गुप्ता कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

********************

केंद्र सरकार ने एक फरवरी को बजट पेश करते हुए जिन चीजों की घोषणा की थीं, वह आज से लागू हो जायेंगी। वित्त वर्ष 2025–2026 के नये बजट में की गयी घोषणाओं के तहत कुछ उत्पादों पर सीमा शुल्क घटाया गया था, जबकि कुछ वस्तुओं में बढ़ाया गया था। इससे लगभग दो सौ वस्तुओं की नयी कीमतें लागू होंगी। इसके अलावा टैक्स, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, बैंकों में मिनिमम बैलेंस समेत कई नियम भी आज से बदल जायेंगे। नये वित्त वर्ष से 12 लाख रुपये तक की कमाई पर इनकम टैक्स नहीं देना होगा।

********************

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस आज से लागू हो जाएगी। केंद्र सरकार ने यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग 23 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

********************

भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि आरबीआई ने देश के भुगतान ढांचे का निरंतर आधुनिकीकरण करके भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक लीडर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

********************

वित्तीय वर्ष 2025–26 के पहले दिन भारतीय शेयर बाजार कमजोर खुला। दिन के अपने सबसे निचले स्तर पर, बीएसई सेंसेक्स 1,230 या 1.58 प्रतिशत गिरकर 76,184 पर आ गया, जबकि निफ्टी 313 अंक या 1.33 अंक गिर गया।

********************

साहिबगंज के बरहेट में आज तड़के दो मालगाड़ियों के बीच हुई टक्कर हो गयी। एनटीपीसी फरक्का के एजीएम शांतनु कुमार दास ने बताया कि मेन लाइन पर जिस ट्रेन को आना था वहां से मानवीय भूल के कारण इंजन ट्रैक नहीं बदल पाया जिसके वजह से दूसरी लाइन पर खड़ी खाली मालगाड़ी में टक्कर हो गयी। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जायेगी और जो दोषी होंगे उन पर करवाई होगी।

********************

तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में यह बदलाव आज से लागू हो गया है। राजधानी रांची में 44 रूपये 50 पैसे की कमी के बाद नयी कीमत एक हजार नौ सौ बीस रूपये का भुगतान करना होगा।

********************

हजारीबाग के आर्ष कन्या गुरुकुल में दिल्ली से आयी प्रशिक्षक श्वेता आर्य जिले की छात्राओं को परंपरागत हथियार चलाने का प्रशिक्षण दे रही हैं। इस दौरान छात्राएं लाठी से करतब दिखा रहीं हैं। वे लाठी के साथ–साथ तलवार चलाने का भी प्रशिक्षण ले रही हैं।

********************

संक्षिप्त खबरें

- कोडरमा थाना क्षेत्र के राजेंद्र चौक के पास आज सुबह ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने कोडरमा–गिरिडीह मुख्य मार्ग जाम कर दिया।
- सरहूल जुलूस के मद्देनजर रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के मुख्य द्वार के पास से हटा दिया गया है। अब जुलूस में शामिल हजारों लोगों को भी सरना स्थल तक पहुंचने में परेशानी नहीं होगी।

********************

भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि इस वर्ष झारखंड समेत देश के कई पूर्वोत्तर राज्यों में सामान्य से अधिक समय तक हीट वेव का असर रहेगा।

साउंड बाईट– मृत्युंजय महापात्रा– 25 सेकेंड

वहीं मौसम विभाग ने दो और तीन अप्रैल को झारखंड के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना जतायी है। रांची स्थित मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि दो अप्रैल को पलामू प्रमंडल के अधिकतर स्थानों और तीन अप्रैल को कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़ और रांची में बारिश की संभावना है। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

********************

ओड़िशा में आयोजित पहले ओपन राष्ट्रीय योगासन खेल चैंपियनशिप में झारखंड के जगदीश सिंह ने ग्रैंड मास्टर कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता है। इसके साथ ही उन्हें उत्कृष्ट कोच और जज के रूप में भी सम्मानित किया गया है।

कंबोडिया में आयोजित प्रथम ऐशियन पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भारत ने कांस्य पदक जीता है।

*******समाप्त*******